मप्र में मंगुभाई पटेल के नए कार्यकाल को लेकर संशय

कन्हैया लोधी

भोपाल, 27 जून. मप्र के मौजूदा राज्यपाल मंगुभाई पटेल का मौजूदा कार्यकाल 7 जुलाई को पूरा हो जाएगा. ऐसे में अब मप्र के नए राज्यपाल को लेकर अटकलें लगने लगी है. पटेल 8 जुलाई 2021 को मप्र के राज्यपाल बने थे, तब से लेकर अब तक वे लगातार प्रदेश के राज्यपाल बने हुए हैं. 7 जुलाई को उन्हें बतौर राज्यपाल पांच वर्ष पूरे हो जाएंगे. सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले वे मप्र के सातवें राज्यपाल होंगे.

उच्च स्तरीय सूत्रों के मुताबिक मौजूदा स्थिति में राज्यपाल के कार्यकाल को विस्तार दिये जाने की संभावना नहीं है. उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें इस दायित्व से मुक्त कर दिया जाएगा. इसके पीछे सबसे बड़ी वजह उनकी उम्र को बताया जा रहा है. राज्यपाल पटेल ने इसी माह 82 वर्ष की आयु पूरी कर ली है. किसी भी व्यक्ति के लिए इस उम्र में बड़े संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करना आसान नहीं होगा. ऐसे में केवल नए राज्यपाल की नियुक्ति तक ही उनको विस्तार मिल सकता है या फिर उनका कार्यकाल पूरा होने से पहले ही मप्र के लिए राज्यपाल की नियुक्ति की जा सकती है. संभावना जताई जा रही है कि मप्र को जुलाई में ही नए राज्यपाल मिल सकते हैं. मप्र के पिछले आधा दर्जन राज्यपाल को देखें तो गुजरात, उत्तरप्रदेश, पंजाब और दिल्ली का दबदबा रहा है. इस बार ये परिपाटी टूटने की संभावना जताई जा रही है. यानी अब जो भी राज्यपाल मिलेगा, वह कम से कम इन राज्यों से नहीं होगा.

रामनरेश यादव के बाद पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले दूसरे राज्यपाल होंगे पटेल

मंगुभाई पटेल पिछले एक दशक बाद राज्यपाल का पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले दूसरे राज्यपाल होंगे. रामनरेश यादव आखिरी राज्यपाल थे, जिन्होंने पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा किया था. उप्र से आने वाले यादव को 8 सितंबर 2011 को राज्यपाल बनाया गया था और वे 11 जुलाई 2016 तक मप्र के राज्यपाल बने रहे. उनके बाद मप्र में ओपी कोहली, आनंदीबेन पटेल, लालजी टंडन और एक बार फिर आनंदी बेन पटेल को राज्यपाल बनाया गया, लेकिन इनमें से कोई भी पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया. अब मंगुभाई पटेल ही ये कार्यकाल पूरा करने की दहलीज पर पहुंच गए हैं.

> मप्र में अब तक मंगुभाई पटेल को मिलाकर कुल 30 राज्यपाल की नियुक्ति की गई है. तब से लेकर अब तक पटेल को मिलाकर महज सात राज्यपाल ही पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने में कामयाब हुए हैं. इनमें हरिविनायक पाटस्कर सबसे अधिक समय तक मप्र के राज्यपाल रहे हैं. उन्हें 14 जून 1957 को राज्यपाल बनाया गया था और वे 10 फरवरी 1965 तक राज्यपाल बने रहे थे. इस तरह वे सात वर्ष सात माह तक मप्र के राज्यपाल बने रहे. इनके अलावा केसी रेड्डी, सत्यनारायण सिन्हा, भाई महावीर, बलराम जाखड़ और रामनरेश यादव ने कार्यकाल पूरा किया.

ट्राइबल सेल के लिए जाने जाएंगे मंगुभाई पटेल

मंगुभाई पटेल को बेहद सुलझे हुए राज्यपाल के रूप में जाना जाता है, व्यवहार कुशल, नम्र और म्रदु व्यवहार उनकी पहचान है, लेकिन मप्र के राज्यपाल बनने के बाद वे नए नवाचार के लिए भी जाने जाएंगे. सबसे बड़ी बात उन्होंने राजभवन में अलग से ट्राइबल सेल की स्थापना की. उनकी निगरानी में ये सेल प्रदेश में जनजाति समुदाय के लिए चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों की लगातार मॉनीटरिंग करती है. इस सेल का दायित्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के रिटायर्ड अधिकारी दीपक खांडेकर को दिया गया है.

सिंहस्थ की नई समितियों में सेवानिवृत्तों को भी किया जाएगा शामिल

- सिंहस्थ विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला
- सीएम बोले ... 40 करोड़ श्रद्धालु आएंगे

नवभारत न्यूज़

उज्जैन. वर्ष 1980 के सिंहस्थ से बात शुरू करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन में कहा कि किसी न किसी रूप में सिंहस्थ के आयोजनों से जुड़ा रहा हूं, यह महाकाल की कृपा है कि उज्जैन के बाशिंदे को सत्ता के शिखर पर पदस्थ किया और आप भी महाकाल की कृपा से ही उज्जैन में पदस्थ रहे हो ऐसे में बीते सिंहस्थ के जो अनुभव लिए हैं उसे आने वाले कुंभ के लिए साझा करें.

शनिवार को उज्जैन आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हर 12 साल में होने वाला सिंहस्थ भारत का ही नहीं, विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है. यह हमारी अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति, दर्शन, पीढ़ियों से चली आ रही विरासत, अटूट आस्था और हमारी आध्यात्मिक परम्पराओं का महासंगम है. इस धार्मिक उत्सव में मां शिप्रा के जल में स्नान करने से मोक्ष प्राप्त होता है.

पुराना अनुभव नया संकल्प

सिंहस्थ-2016 के अनुभव 2028 का संकल्प विषय पर हुई एक वृहद प्रशिक्षण कार्यशाला को सीएम ने संबोधित किया. उन्होंने कहा सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं और त्वरित राहत व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए. सिंहस्थ के सफल आयोजन के लिए हर बार पिछली चुनौतियों को लेकर मंथन हुआ है. इसलिए पिछले सिंहस्थ में उज्जैन पदस्थ रहे अफसरो को नई अफसरो के साथ अनुभव साझा करने के लिए बुलाया.

समितियों का होगा गठन- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 1980 के सिंहस्थ में उन्होंने स्वयं भी स्काउट एंड गाइड वॉलेंटियर के रूप में श्रद्धालुओं की सेवा की थी. वर्ष 1992 में सिंहस्थ समिति की बैठकों में शामिल होने का अवसर भी मिला. सिंहस्थ समितियों में हर वर्ग के अनुभवी लोगों को शामिल कर उनके सुझाव लिए जाते हैं. आगामी सिंहस्थ के लिए सभी समितियों का गठन होना है. पहले सिर्फ उज्जैन के ही लोगों को समितियां में रखा जाता था इस बार पूरे प्रदेश के अनुभव अफसरो को रखेंगे और जो रिटायर हो गए हैं उन्हें भी मौका देंगे.

पड़ोसी राज्यों से चर्चा करेंगे- सीएम बोले पड़ोसी राज्यों से भी चर्चा कर श्रद्धालुओं के लिए सुगम आवागमन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे. प्रयागराज में हमने देखा रीवा सतना तक श्रद्धालु फंस गए थे हमारे यहां पर श्रद्धालु आएंगे तो बाहर के राज्यों में न फंसे इसलिए पड़ोसी राज्यों से चर्चा करेंगे.

ये आए पुराने अफसर - सिंहस्थ 2016 में संभागायुक्त रहे डॉ. रविंद्र पस्तोर, कलेक्टर रहे कविंद्र कियावत, पुलिस अधिक्षक रहे मनोहर सिंह वर्मा तथा संभाग आयुक्त रहे रविन्द्र पस्तोर ने अनुभव बताए, सभी विभागों के अधिकारी जिन्होंने सिंहस्थ 2016 और उसके पूर्व के सिंहस?थ में अपनी सेवाएं दी, उन्होंने अपने सुझाव दिए. सुझावों के आधार पर आगामी कार्ययोजना को मूर्त रूप दिया जाएगा.

ये भी रहे मौजूद ...

कार्यशाला में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, संजय अग्रवाल, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, एडीएम अत्येंद्र सिंह गुर्जर, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, प्रशासक श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति प्रथम कौशिक एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिला और संभागीय अधिकारी उपस्थित थे. कार्यशाला का संचालन श्रीमती प्रज्ञा गीते ने किया और आभार प्रदर्शन एडीजी राकेश गुप्ता ने किया.

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में बुजुर्ग की मौत

अनूपपुर. जैतहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खूंटाटोला-डोंगरिया मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गईं. पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जैतहरी पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.

आरईएस घोटाला : भोपाल पहुंची रिपोर्ट, दोषियों पर आएगी आंच

- मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश पर जांच अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सीधी ने शासन को भेजा जांच प्रतिवेदन
- जांच प्रतिवेदन में तत्कालीन ईई सहित 9 लोगों के खिलाफ सिद्ध हुए गंभीर दोष

आदित्य सिंह

सीधी. मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश पर सीधी जिले के आरईएस संभाग सीधी द्वारा कराये गये गुणवत्ता विहीन कार्यों और घोटलों की विभागीय जांचकर्ता अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सीधी ने शासन को जांच प्रतिवेदन भेजा है. जांच प्रतिवेदन में तत्कालीन ईई सहित 9 लोगों के खिलाफ गंभीर दोष सिद्ध हुए है. अब सवाल यह है कि आरईएस घोटाला की जांच भोपाल पहुंचने के बाद दोषियों पर आंच आयेगी?

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश क्रमांक 370/2587560/2025/22/वि-5/स्था./दिनांक 26.03.2025 की विभागीय जाँचकर्ता अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सीधी शैलेन्द्र सोलंकी द्वारा शासन को भेजे गये विभागीय जांच प्रतिवेदन में तत्कालीन कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी हिमांशु तिवारी सहित अन्य 9 कर्मचारियों के खिलाफ अपने पदीय कर्त्तव्यों के निर्वहन में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं, फर्जी माप, गुणवत्ताहीन निर्माण एवं संगठित भ्रष्टाचार कर शासन को करोड़ों रुपयों की क्षति पहुंचाये जाने का उल्लेख करने के साथ भ्रष्टाचार अधिनियम अंतर्गत आपराधिक दुराचरण एवं म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1)(एक)(दो)(तीन) एवं 3(2) का उल्लंघन किये जाने के साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत दण्डनीय आपराधिक मामले का भी उल्लेख किया गया है. यहां बताते चलें कि आरईएस सीधी घोटाले की गूंज राजधानी तक पहुंचने के बाद जांच टीम सीधी आई थी. टीम द्वारा कई सड़कों, बांध और पुल-पुलिया का निरीक्षण भी किया गया था. निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य आधे-अधूरे एवं गुणवत्ता विहीन मिले थे. कुछ ऐसी सड़कें थी जो पहली बरसात में ही बहने से आवागमन ठप्प हो गया था. टीम के जांच के बाद तत्कालीन कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी हिमांशु तिवारी सहित चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था. घोटाले का साक्ष्य मिटाने के लिए ईई कार्यालय में मौजूद महत्वपूर्ण कागजातों के साथ चेक और एफडी जलाने का मामला भी सामने आया था.

नवभारत ने जांच दल के सामने प्रमुखता से रखा था मामला

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी अन्तर्गत कुसमी, सीधी एवं मझौली जनपद क्षेत्र अन्तर्गत पुल-पुलिया, सड़क और बांध के गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यों के मामले की पोल जांच करने आये दल के सामने प्रमुखता से रखा गया था.

सीधी
...जांच की आंच से घबराये आरईएस ईई, दुरुस्त करा रहे रिकार्ड!

विधानसभा में चुरहट विधायक ने उठाया था आरईएस के घोटाले का मामला

विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल द्वारा आरईएस विभाग के तत्कालीन प्रभारी ईई के भ्रष्टाचार को लेकर विधानसभा में प्रश्न लगाये थे. लगाये गये प्रश्न में कहा गया था कि आरईएस विभाग के ईई द्वारा काफी घटिया निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं. जिनमें गुणवत्ता की काफी कमी सामने आ रही है. आरईएस विभाग के चर्चित निर्माण कार्यों की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिये, जिससे शासन के धन का अपव्यय न हो और होने वाले निर्माण कार्यों का लाभ लोगों को लम्बे समय तक मिल सकें.

इनका कहना है... मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश पर की गई विभागीय जांच के दौरान जांच अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं कथन के आधार पर तत्कालीन कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी हिमांशु तिवारी सहित 9 लोगों पर गंभीर दोष सिद्ध पाया गया, जिसके आधार पर जांच प्रतिवेदन शासन को भेजे दिया गया है.

- शैलेन्द्र सोलंकी, विभागीय जांच अधिकारी/ सीईओ जिला पंचायत सीधी

पोलियो अभियान आज से

भोपाल, 27 जून. बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में 28 से 30 जून तक विशेष पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा. डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के तहत मंडल के 22 रेलवे स्टेशनों पर पोलियो बूथ बनाए गए हैं. भोपाल, इटारसी, बीना, गुना, गंजबासौदा सहित प्रमुख स्टेशनों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी. यात्रियों और रेल कर्मचारियों के बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विशेष मोबाइल टीमें भी गठित की गई हैं.

पारदर्शी भर्ती व्यवस्था की मांग उठी

विशेष संवाददाता

भोपाल, 27 जून. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार पर भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं, पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए शिक्षा एवं भर्ती में व्यापक सुधारों की मांग की.

संयुक्त पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह और जयवर्धन सिंह ने युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए राज्यव्यापी जनजागरण अभियान की घोषणा की. जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि लगातार भर्ती घोटालों और परीक्षा संबंधी विवादों से छात्रों एवं नौकरी के अभ्यर्थियों का भरोसा टूट गया है. उन्होंने कहा कि व्यापम से लेकर हालिया भर्ती और नर्सिंग परीक्षा मामलों तक प्रदेश में परीक्षा प्रणाली सवालों के घेरे में रही है. उन्होंने सरकार पर लगभग 4.87 लाख रिक्त पद नहीं भरने का आरोप लगाते हुए वार्षिक भर्ती कैलेंडर, पारदर्शी चयन प्रक्रिया और सभी परीक्षाओं के लिए एकमुश्त शुल्क व्यवस्था लागू करने की मांग की. जयवर्धन सिंह ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं ने छात्रों का विश्वास कमजोर किया है. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता-जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई.

पेज एक का शेष

युवा जोश के साथ बहुजन विचार का फार्मूला

कड़ाई से लागू किया जा रहा है. पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में सभी 60 सचिवों और प्रभारियों के साथ मैराथन बैठकें की थी. उस बैठक का उद्देश्य साफ था कि पिछले छह महीनों का लिखित रिपोर्ट कार्ड और परफॉर्मेंस की समीक्षा होगी और उसी आधार पर उनका भविष्य तय होगा. उस बैठक के बाद से ही कहा जा रहा था कि लगभग छह महासचिवों जिसमें रमेश चेन्निथला व बी.के. हरिप्रसाद भी शामिल हैं, सात प्रदेश प्रभारियों और तीस से ज्यादा सचिवों को पदमुक्त किया जाएगा. इसके अलावा लगभग आधा दर्जन प्रदेश अध्यक्षों की भी छुट्टी हो सकती है. अशोक गहलोत, अविनाश पांडेय, भूपेश बघेल, भूपेंद्र सिंह हुड्डा जैसे कुछ वरिष्ठ नेताओं को मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु व महाराष्ट्र का प्रभार दिया जा सकता है. इतना ही नहीं बिहार, पंजाब, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम समेत पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष को भी बदला जा सकता है. चर्चा है कि राहुल गांधी के विशेष प्रयास से इस फेरबदल का सबसे रणनीतिक और क्रांतिकारी हिस्सा संगठन के अंदर सामाजिक न्याय यानी दलित और ओबीसी समुदाय को विशेष तवज्जो देना है.

योगी का बेटियों को शिक्षा का तोहफा

यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई से संबद्ध स्ववित्तपोषित विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 तक विद्यार्थियों से ली जा रही ट्यूशन फीस का पूरा विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं. इस आंकड़े के आधार पर योजना का स्वरूप तय किया जाएगा, ताकि पात्र परिवारों की दूसरी बेटी को फीस में राहत का लाभ मिल सके.

एक्स-शोरूम कीमत ₹74,600~ | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक | HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. *T&C apply. ~Ex-Showroom Price of Destini110 VX in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः इंदौरः सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानीः शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुरः श्रीजी हीरो 9289922372, देवासः खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धारः साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलियाः श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआः नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षीः अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवाः ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोनः निमाड़ हीरो 9289922378, महूः लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, उज्जैनः क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगरः स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुरः बाबा हीरो 9289922833, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़ः न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावरः नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़ियाः कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियांः अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमाः अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोदः अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौरः क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडीः अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमलः हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावदः भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरीः कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊः अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवाः डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवालीः श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुराः पटेल मोटर्स 9755567226, सतवासः शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोटः आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छः भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौदः लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोदः जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलियाः श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगरः रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुरः रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदाः कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुरः रॉयल बाईक्स 8817784120, तरानाः क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ाः नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासाः मारू मोटर्स 9617944999, पिपलोदाः निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़ः खुराना मोटर्स 9893126085, गरोठः श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़ः ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, तालः श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाईः अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनीः श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलांः तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुरः सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबटः धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवाः राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्राः श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौरः आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़ः रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़ः महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमलीः न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, अलॉटः दुर्गा दर्शन ऑटोमोबाइल्स, 8269538030, गांधीनगरः आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंजः साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेराः महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटीः अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावदः शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंहः गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगीः श्री मोटर्स, 9340927342, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊः तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडीः नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदाः जेएस मोटर्स, 9926600906.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60